**सनसनी** घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को देखते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही, जांच में जुटी पुलिस

# ओसीएम खदान में युवक का शव मिलने से सनसनी



**अनूपपुर, नवभारत 2 जून।** थाना भालूमाड़ा अंतर्गत ग्राम छोहरी स्थित ओसीएम खदान के डैम में मंगलवार को एक युवक का शव तैरता मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की हालत और घटनास्थल से मिले साक्ष्यों को देखते हुए प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी उमेश उपाध्याय ने बताया कि ग्रामीणों ने डैम में शव तैरता हुआ देखा, जिसकी सूचना ग्राम सरपंच द्वारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान छोहरी गांव निवासी मोटू उर्फ सनी 18 वर्ष पिता रंजू सहीस के रूप में हुई है।

### युवक के हाथ और पैर रस्सी से बंधे हुए थे

पुलिस के अनुसार शव लगभग तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। युवक के हाथ और पैर रस्सी से बंधे हुए थे, जबकि पीठ पर एक बोरी बंधी मिली, जिसमें रेत भरी हुई थी। मृतक के शरीर पर कई जगह चोट के निशान भी पाए गए हैं, जिससे मामला और अधिक संदिग्ध हो गया है।

### पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए

घटना के बाद पूरे क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी उमेश उपाध्याय ने बताया कि पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

### तकनीकी साक्ष्यों को भी खंगाल रही पुलिस

मृतक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, उसे डैम तक कैसे पहुंचाया गया और घटना के पीछे कौन लोग शामिल हो सकते हैं, इन सभी बिंदुओं पर पुलिस की जांच जारी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ करने के साथ ही तकनीकी साक्ष्यों को भी खंगाल रही है। उन्होंने बताया कि कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है और जल्द ही मामले का खुलासा किए जाने की संभावना है।



# दिल्ली से बरामद हुई नाबालिग बालिका

**ऑपरेशन मुस्कान के तहत मिली सफलता, आरोपी गिरफ्तार**

**अनूपपुर, नवभारत 2 जून।** पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा नाबालिग बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन मुस्कान के तहत कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने 17 वर्षीय अपहृत नाबालिग बालिका को दिल्ली से सुरक्षित दस्तयाब कर उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है, वहीं बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाने वाले बिहार निवासी आरोपी सोनू कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार 20 मई को 17 वर्षीय नाबालिग बालिका के घर से बिना बताए अचानक चले जाने की सूचना पर कोतवाली में मामला दर्ज किया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार तकनीकी एवं साइबर सहायता से पतासाजी करते हुए नाबालिग बालिका को दिल्ली के थाना खयाला क्षेत्र अंतर्गत रूप ढाबा के पास से आरोपी सोनू कुमार के कब्जे से सुरक्षित बरामद किया गया।

### फेसबुक के माध्यम से हुई थी पहचान

पुलिस ने आरोपी सोनू कुमार चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को दिल्ली से अनूपपुर लाकर मामले में आगे की विवेचना की जा रही है। पुलिस जांच में सामने आया कि नाबालिग बालिका की आरोपी से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक के माध्यम से पहचान हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और आरोपी ने फेसबुक मैसेज के जरिए बालिका को बहला-फुसलाकर अपने साथ दिल्ली ले गया।

## एक नजर में



### सेवानिवृत्त अपर कलेक्टर दिलीप पाण्डेय को दी बिदाई

**अनूपपुर, नवभारत 2 जून।** शासकीय सेवा की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्ति अवसर पर कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें जिले के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने विदाई दी।

समारोह को संबोधित करते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय द्वारा टीम भावना के साथ किए गए कार्य अत्यंत प्रशंसनीय हैं। उन्होंने कहा कि श्री पाण्डेय हमेशा अपने दायित्वों के प्रति तत्पर रहे तथा उनके दीर्घ प्रशासनिक अनुभव और कार्यशैली के कारण स्टाफ का बेहतर सहयोग मिला, जिससे समय पर कार्यों का सफल संपादन संभव हो सका। कलेक्टर ने श्री पाण्डेय को सेवानिवृत्ति पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे अपने अनुभवों का लाभ समाज को देते रहें तथा पारिवारिक जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त करें।



### पूर्व केंद्रीय मंत्री दलबीर सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

**अनूपपुर, नवभारत।** शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह के पूज्य पिता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय दलबीर सिंह की 26वीं पुण्यतिथि मंगलवार को श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। राजेंद्रग्राम स्थित निवास पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वर्गीय दलबीर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान को स्मरण किया। कार्यक्रम में भाजपा, कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए क्षेत्रवासियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने स्वर्गीय दलबीर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# अनिश्चितकालीन हड़ताल पर एनएचएम संविदा कर्मचारी

**मांगे पूरी नहीं होने पर 8 जून को भोपाल में सीएम निवास के घेराव की चेतावनी**



**अनूपपुर, नवभारत 2 जून।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने अपनी वर्षों पुरानी मांगों को लेकर सोमवार 2 जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी।

जिले के संविदा कर्मचारियों ने ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सभी कार्यों का पूर्ण बहिष्कार करते हुए आंदोलन का बिगुल फूंक दिया। कर्मचारियों के इस कदम से जिले की स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी संघ अनूपपुर के जिलाध्यक्ष डॉ. शिवेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारु बनाए रखने में संविदा कर्मचारियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है।

### बेहद कम वेतन पर कार्य कर रहे संविदा कर्मचारी

उन्होंने कहा कि जिले में 400 से अधिक संविदा कर्मचारी वर्षों से बेहद कम वेतन पर कार्य कर रहे हैं। कई कर्मचारी 10 से 15 वर्षों से लगातार सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन न तो उनका नियमितीकरण किया गया और न ही सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं का लाभ दिया गया। कर्मचारियों में इस बात को लेकर लगातार असंतोष बढ़ता जा रहा है।

### सरकार के समक्ष रखीं प्रमुख मांगे

संविदा कर्मचारियों ने सरकार के समक्ष कई प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण, सामान्य प्रशासन विभाग की नीति के अनुसार एनपीएस एवं स्वास्थ्य बीमा सुविधा लागू करना, प्रतिवर्ष 10 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित कर्मचारियों की तरह महंगाई भत्ता, समान कार्य के लिए समान वेतन, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के वेतन में पीवीआई समायोजन तथा वेतन विसंगतियों का निराकरण प्रमुख रूप से शामिल हैं।



# फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग

**कलेक्टर ने जनसुनवाई में 94 आवेदकों की सुनीं समस्याएं**

**अनूपपुर, नवभारत 2 जून।** जिला स्तरीय जनसुनवाई मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित की गई, जहां कलेक्टर हर्षल पंचोली ने 94 आवेदकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जैतहरी निवासी सुषमा राठौर ने भूमि सीमांकन कराए जाने, बिजुरी वार्ड क्रमांक 9 निवासी संतोष कुमार जायसवाल ने नक्शा तरमीम कराने, ग्राम हर्री निवासी रामसुन्दर राठौर ने फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने, कोतमा तहसील के ग्राम थानगांव निवासी कामता सिंह ने पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ दिलाने तथा जैतहरी तहसील के ग्राम लहसुना निवासी शंकरलाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया।

### क्षेत्र में विद्युत पोल लगाए जाए

ग्राम पंचायत मेड़ियारास के वार्ड क्रमांक 2 सिकटहा टोला निवासी राहुल नामदेव ने क्षेत्र में विद्युत पोल लगाए जाने की मांग की। इसके अलावा अन्य आवेदकों ने फौती नामांतरण की नकल उपलब्ध कराने, खसरे में सुधार कराने एवं प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का लाभ दिलाने संबंधी आवेदन भी प्रशासन के समक्ष रखे।

# कॉलरी कर्मचारी और हेल्पर को पकड़ने का दावा

**नारायण खदान में केबल चोरी का मामला, जांच की मांग**



**जमुना कोतमा नवभारत 2 जून।** एसईसीएल की बदरा कालरी अंतर्गत नारायण खदान में 29 मई की रात कथित केबल चोरी का मामला सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार खदान में उपयोग होने वाली केबल चोरी करते हुए कालरी कर्मचारी राजू साहू, जो बेल्ट फीटर के पद पर कार्यरत बताए जा रहे हैं, तथा महिपाल नामक हेल्पर, जो एक ठेका कंपनी से जुड़ा बताया जा रहा है, को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

### वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

सूत्रों के मुताबिक चोरी की जा रही केबल की कीमत हजारों रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार खदान के ओवरमैन अरविंद भारती एवं शिफ्ट इंचार्ज देशमुख साहब ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर पड़ने के बाद कार्रवाई की। घटना के दौरान अन्य कर्मचारी भी मौके पर मौजूद बताए जा रहे हैं। मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद घटना चर्चा का विषय बन गई है।

### दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

स्थानीय लोगों और कर्मचारियों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई की मांग की है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक एसईसीएल प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया था। मामले की पुष्टि और आगे की कार्रवाई जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी।

## ग्राम परसवार में जन समस्या निवारण शिविर आज

**अनूपपुर, नवभारत।** तहसील पुष्पराजगढ़ के ग्राम परसवार में ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से 3 जून 2026 को जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के सफल संचालन के लिए कलेक्टर हर्षल पंचोली ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पुष्पराजगढ़ को नोडल अधिकारी तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने शिविर में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। साथ ही जन समस्या रजिस्टर एवं आवेदन रजिस्टर संधारित करते हुए प्राप्त प्रकरणों के त्वरित निराकरण की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए गए हैं। प्रशासन ने क्षेत्र के ग्रामीणों से अपील की है कि वे शिविर में पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं मांगें दर्ज कराएं तथा शासन की इस पहल का लाभ उठाएं।



# दो नाबालिगों की मौत की निष्पक्ष जांच हो : चौहान

**जिला कांग्रेस ने किया एसपी कार्यालय का घेराव**

**अनूपपुर, नवभारत 2 जून।** बिजुरी में हुई दो नाबालिगों की संदिग्ध मौत एवं कथित दुष्कर्म-हत्या मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय का घेराव किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्याम कुमार 'गुड्डू' चौहान के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में जिले भर से बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कांग्रेस नेताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कराने, बिजुरी थाना प्रभारी विकास सिंह को तत्काल हटाने तथा पूरे घटनाक्रम में उनकी भूमिका की जांच की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नाबालिगों को न्याय दो, पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद, टीआई बिजुरी विकास सिंह को हटाओ जैसे नारे लगाए।

### पुलिस ने वॉटर कैनन का किया इस्तेमाल

जानकारी के अनुसार प्रदर्शनकारी सबसे पहले सामतपुर तालाब के पास एकत्रित हुए, जहां से हाथों में पोस्टर-बैनर लेकर एसपी कार्यालय तक पैदल मार्च निकाला गया। एसपी कार्यालय के बाहर पहले से बैरिकेडिंग की गई थी। प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड पार कर आगे बढ़ने का प्रयास किया, जिस पर पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

**सवाल** परिजनों की पहचान के बाद कब्र से निकाला गया शव, प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्न

# अज्ञात शव को दफनाने पर सवाल, दोबारा पोस्टमार्टम की तैयारी

**कोतमा नवभारत 2 जून।** नगर के अटल द्वार क्षेत्र निवासी 42 वर्षीय अजय बर्मन की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के बाद पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

पहले अजय बर्मन के शव को अज्ञात मानकर पोस्टमार्टम के बाद जल्दबाजी में केवई नदी तट के पास दफना दिया गया, लेकिन बाद में परिजनों द्वारा शव की पहचान किए जाने पर प्रशासन को कब्र से शव निकलवाना पड़ा। अब चिकित्सकों की टीम की मौजूदगी में पुनः पोस्टमार्टम कराने की तैयारी की गई है।

### अजय बर्मन को गंभीर हालत में स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था

जानकारी के अनुसार अजय बर्मन को गंभीर हालत में 108 एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा लाया गया था। उपचार के दौरान 31 मई की सुबह उसकी मृत्यु हो गई। अस्पताल से सूचना मिलने पर पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव को अज्ञात मानते हुए पोस्टमार्टम कराया और शाम को दफना दिया।



### बहनों को जानकारी मिली कि भाई का शव दफनाया गया

इसी बीच मृतक की बहनों को जानकारी मिली कि अज्ञात के रूप में दफनाया गया शव उनके भाई अजय बर्मन का है। परिजन तत्काल थाना कोतमा पहुंचे और शव की पहचान का दावा करते हुए प्रशासन से कार्रवाई की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों दशरथ सिंह तहसीलदार की मौजूदगी में दफन स्थल से शव बाहर निकलवाया गया और दोबारा पोस्टमार्टम कराने का निर्णय लिया गया।

### पूर्व विधायक भी पहुंचे की निष्पक्ष जांच की मांग

घटना की सूचना मिलने पर क्षेत्र के पूर्व विधायक सुनील सराफ कोतमा मौके पर पहुंचे। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी मामले को गंभीर बताते हुए चिकित्सकीय परीक्षण और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कराने का आश्वासन दिया है।

### पड़ोसियों ने बताई मानसिक स्थिति बिगड़ने की बात

स्थानीय लोगों के अनुसार अजय वर्मन पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। बताया जाता है कि वह कई बार घर से बाहर भटकता रहता था तथा पारिवारिक विवाद की स्थिति भी बनी रहती थी। पड़ोसियों के अनुसार 28 मई को उसे रेलवे स्टेशन क्षेत्र में असामान्य अवस्था में घूमते देखा गया था। बाद में उसकी तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कानूनी प्रक्रिया पर उठे सवाल

घटना के बाद सबसे बड़ा प्रश्न यह उठ रहा है कि यदि शव की पहचान सुनिश्चित नहीं थी तो क्या पुलिस एवं संबंधित विभाग द्वारा अज्ञात शव की पहचान संबंधी निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया का पूर्ण पालन किया गया था या नहीं। कानूनी जानकारों के अनुसार किसी अज्ञात शव के मामले में सामान्यतः शव की पहचान के लिए सार्वजनिक सूचना जारी की जाती है।

### परिजनों ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग

परिजनों और स्थानीय नागरिकों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते पहचान की प्रक्रिया प्रभावी ढंग से अपनाई जाती तो शव को अज्ञात मानकर दफनाने की नौबत नहीं आती। अब सभी की नजर पुनः होने वाले पोस्टमार्टम और प्रशासनिक जांच पर टिकी हुई है।

# 70 से अधिक लोगों ने लिया स्वास्थ्य सेवा का लाभ

**सेवा दिवस पर शांति नगर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित**

**अनूपपुर, नवभारत 2 जून।** सेवा दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी अनूपपुर द्वारा सेवा बस्ती शांति नगर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के महिलाओं, बच्चों एवं अन्य नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

शिविर के दौरान रक्तचाप (बीपी), शुगर एवं एनसीडी (गैर-संचारी रोग) संबंधी जांच की गई। इस दौरान लगभग 70 से अधिक लाभार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। चिकित्सकों द्वारा लोगों को नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने, संतुलित आहार लेने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया।



कार्यक्रम में भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव डॉ. देवेंद्र तिवारी, जिला प्रतिनिधि कमलाकर गौतम सहित सदस्य मनोज द्विवेदी, हरिशंकर वर्मा, रामप्रकाश द्विवेदी एवं अनिल तिवारी उपस्थित रहे।

### आंगनबाड़ी सहायिकाओं की रही सक्रिय भागीदारी

शिविर में स्वास्थ्य विभाग के अमले, आशा कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। रेडक्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि समाज के जरूरतमंद एवं वंचित वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस प्रकार के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते रहेंगे।